बैठक

सांसद हिमाद्री सिंह ने दिए गुणवत्ता और समयसीमा के निर्देश

# दिशा समिति की बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा




**नवभारत,शहडोल।** शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय स्थित विराट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं जिले में संचालित विकास कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई।

बैठक में सांसद हिमाद्री सिंह ने मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण एवं शहरी), प्रधानमंत्री जनधन योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति अभियान, आजीविका परियोजना, जिला खनिज प्रतिष्ठान मद, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, जल जीवन मिशन, जल संसाधन विभाग तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्माणाधीन कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए।सांसद ने वर्षाकाल को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा जैतपुर, झीकबिजुरी एवं केशवाही में नवपदस्थ चिकित्सकों की पदस्थापना करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगरीय निकायों में जलभराव रोकने, साफ-सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा नदी-नालों से अतिक्रमण हटाने पर भी विशेष जोर दिया।

बैठक में जल जीवन मिशन के तहत संचालित नल-जल योजनाओं की समीक्षा करते हुए सांसद ने योजनाओं के व्यवस्थित संचालन तथा लंबित रेस्टोरेशन कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सराहना करते हुए कहा कि इससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिलने के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में संस्थागत स्वच्छता को भी बढ़ावा मिलेगा।बैठक में संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के विधायकों ने अपने-अपने क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी देते हुए विभिन्न समस्याओं को भी रखा। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने शासन की विभिन्न योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया।

बैठक में विधायक जैतपुर जयसिंह मरावी, विधायक जयसिंहनगर मनीषा सिंह, विधायक ब्यौहारी शरद कोल, सीईओ जिला पंचायत शिवम प्रजापति,एम.पी. सिंह, नगर पालिका एवं नगर परिषदों के अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष, दिशा समिति के सदस्य तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



## क्रूरतापूर्वक ठूंसकर ले जा रहे 34 मवेशी मुक्त

▸ दो आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत, शहडोल।** गोहपारू पुलिस ने अवैध रूप से मवेशियों के परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 34 मवेशियों से भरे एक ट्रक को पकड़कर करीब 14 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की है। मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि तीन अन्य की तलाश जारी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 23 जून 2026 की रात मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि एक ट्रक में बड़ी संख्या में भैंस एवं पड़वों को अवैध रूप से ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने ग्राम बन्नौधी के पास घेराबंदी कर ट्रक को रोक लिया।

तलाशी के दौरान ट्रक में 10 भैंस एवं 24 पड़वा सहित कुल 34 मवेशी क्रूरतापूर्वक ठूंस-ठूंस कर भरे हुए पाए गए। पुलिस द्वारा परिवहन संबंधी दस्तावेज मांगने पर चालक कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।मौके से ट्रक चालक शहनवाज अहमद (35) निवासी प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) एवं उसका सहयोगी राजेश रैदास (28) निवासी अमझोर, थाना जयसिंहनगर को गिरफ्तार किया गया। वहीं मामले के अन्य आरोपी बल्लू मुसलमान निवासी कोतमा, मोहित सिंह निवासी बुढ़ार तथा ट्रक स्वामी की तलाश की जा रही है।

पुलिस ने ट्रक में लोड 34 मवेशियों की अनुमानित कीमत 4 लाख रुपये तथा आइसर ट्रक की कीमत 10 लाख रुपये आंकी है। कुल 14 लाख रुपये की संपत्ति जब्त कर मवेशियों को सुरक्षित रूप से गौशाला बन्नौधी में रखवाया गया है।पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) एवं मोटरयान अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एक नजर में



### शांतिपूर्ण माहौल में मनाएं मोहर्रम का त्यौहार : थाना प्रभारी

**नवभारत, ब्यौहारी।** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से ब्यौहारी थाना परिसर में थाना प्रभारी के नेतृत्व में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं समाज के लोगों ने भाग लिया। बैठक में थाना प्रभारी ने बताया कि 25 एवं 26 जून को मोहर्रम का पर्व मनाया जाएगा। 26 जून को शाम 4:30 बजे ताजिया जुलूस निकाला जाएगा, जो स्थानीय मस्जिद से प्रारंभ होकर बसनकली चौराहा तक पहुंचेगा। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि मोहर्रम का पर्व आपसी भाईचारे, शांति और सौहार्द के साथ मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। साथ ही प्रशासन का सहयोग करते हुए क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।उल्लेखनीय है कि मोहर्रम का पर्व कर्बला में शहीद हुए इमाम हुसैन की याद में मनाया जाता है, जिन्होंने सत्य और न्याय की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया था।बैठक में सभी उपस्थित लोगों ने मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने का संकल्प लिया।



### नशा मुक्ति अभियान के तहत एक दिवसीय जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण आयोजित

**नवभारत,शहडोल।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश जल एवं भूमि प्रबंध संस्थान भोपाल द्वारा संचालित नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टेऊट के विराट सभागार में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त विकास आयुक्तएम.पी.सिह ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।प्रशिक्षण का उद्देश्य समाज में नशे के प्रति जागरूकता बढाना तथा विभिन्न स्तरों पर जनजागरूकता गतिविधियों के प्रभावी संचालन हेतु मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षित करना था। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बाल्मी भोपाल से आये मास्टर ट्रेनर अतुल कुमार रायजादा ने नशे के दुष्प्रभावों पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि नशा नाश का कारण बनता है। नशा केवल एक बुरी आदत नहीं, बल्कि एक मानसिक बीमारी है। यदि समय रहते उचित परामर्श, उपचार एवं सहयोग प्रदान किया जाए तो व्यक्ति को नशे की लत से मुक्त कराया जा सकता है।उन्होंने बताया कि नशे की समस्या व्यक्ति, परिवार एवं समाज तीनों को प्रभावित करती है। इसके प्रति जागरूकता, संवेदनशीलता एवं सामूहिक प्रयासों के माध्यम से ही नशामुक्त समाज की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को नशे की पहचान, रोकथाम, परामर्श, पुनर्वास तथा जनजागरूकता गतिविधियों के संचालन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई।कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों ने नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने तथा अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। प्रशिक्षण के माध्यम से जिले में नशा मुक्ति अभियान को और अधिक प्रभावी एवं व्यापक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। कार्यक्रम में स्कूलो के प्राचार्य, शिक्षक,बाल संरक्षण समिति की अध्यक्ष कल्याणी बाजपेई, जनअभियान परिषद से जुडी नवांकुर समितियो के सदस्य तथा सामाजिक कार्य कर्ताओ ने भाग लिया।

## शांति समिति की बैठक आयोजित



**नवभारत, धनपुरी।** धनपुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहर्रम के पर्व पर धनपुरी नगर की शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु थाना धनपुरी परिसर में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अनुभाग धनपुरी एवं तहसीलदार धनपुरी एवं खैरहा की उपस्थिति में शांति समिति धनपुरी की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें समाज के दोनों धर्म के अनुयायियों ने हिस्सा लिया और शांति समिति की बैठक में सभी के सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि मोहर्रम का पर्व बड़ी ही शांति और सामंजस्य साथ ही समन्वय के साथ धनपुरी नगर में मनाया जाएगा साथ ही आज की बैठक में मुख्य रूप से धनपुरी थाना प्रभारी खेम सिंह ने कहा कि धार्मिक आयोजनों में सभी की सहभागिता बहुत जरूरी होती है।

नगर धनपुरी की शांति व्यवस्था को बनाए रखने के लिए मेरा दोनों समुदायों से विनम्र अनुरोध और निवेदन है कि आप सभी इस त्यौहार को बड़े ही हर्ष और समन्वयय के साथ शांतिपूर्ण ढंग से मनावे एसडीओपी धनपुरी विकास पांडे ने कहां की मोहर्रम का पर्व धनपुरी नगर के साथ-साथ संपूर्ण क्षेत्र के लिए एक प्रमुख पर्व के रूप में शुरुआत से ही जाना जाता रहा है और सभी नगर वासियों से मेरा विनम्र निवेदन है कि वह पुलिस प्रशासन के द्वारा बनाई गई व्यवस्थाओं के अनुरूप ही व्यवस्थाओं के संचालन में अपनी मदद करें ताकि नगर की शांति व्यवस्था किसी भी तरीके से भंग ना होने पाए और नगर की शांति व्यवस्था बनाए रखने में अपना भी संपूर्ण योगदान प्रदान करें शांति समिति की बैठक धनपुरी में आहूत की गई इस बैठक में प्रशासनिक अभिभावक के रूप में उपस्थित तहसीलदार व्रत धनपुरी मनोज सिंह ने कहा कि धनपुरी क्षेत्र हमेशा से ही सांप्रदायिक सद्भाव के लिए जाना जाता रहा है और इसी भाव को आगे भी अग्रसर रखने के उद्देश्य से मोहर्रम का पर्व आप सभी नगरवासी मिलकर साथ में समन्वय बनाकर बनाएं ताकि नगर की शांति व्यवस्था किसी भी तरीके से भांग ना हो आप सभी से निवेदन है कि धनपुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत आप सभी के सहयोग से मोहर्रम पर्व मनाया जाएगा और ऐसी संभावना और आप सभी से उम्मीद भी है कि आप सभी के सहयोग से ही यह पर्व बड़े ही बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा

### शांति भंग होने की शिकायत पर कार्यवाही

**नवभारत धनपुरी।** आरोपी गण तौशीफ मंसूरी पिता नन्हू मंसूरी आमिर सुहैल पिता एमडी सादिक उम्र 26 वर्ष उम्र 26 वर्ष बड़ी मस्जिद रोड वार्ड क्रमांक 20 द्वारा धार्मिक उन्माद फैलाने की कोशिश कर नगर की शांति भंग करने का प्रयास किया गया जिससे नगर में धार्मिक वातावरण बिगड़ने की स्थिति उत्पन्न हुई जिससे नगर की शांति व्यवस्था बिगड़ने की स्थिति निर्मित हुई जिसमे बड़ी संख्या में धार्मिक संगठन के लोग धनपुरी थाने में एकत्रित हुए और आरोपियों पर धार्मिक उन्माद फैलाने जा शिकायत दर्ज किए जिस पर धनपुरी पुलिस के द्वारा कानों व्यवस्था वा धार्मिक व्यवस्था कायम करने के लिए आरोपियों बीएनएस धारा 170 के तहत कार्यवाही सुनिश्चित की गई।



### सर्व ब्राह्मण महिला समाज ने दिव्यांग बेटी के विवाह में बढ़ाया सहयोग का हाथ

▸ मातृशक्तियों ने घर पहुंचकर दी आर्थिक सहायता, सुखद दांपत्य जीवन की कामना की

**नवभारत, शहडोल।** सामाजिक सरोकारों की मिसाल पेश करते हुए सर्व ब्राह्मण महिला समाज की मातृशक्तियों ने ग्राम पद्मानिया खुर्द पहुंचकर दिव्यांग बेटी आयुषी शर्मा के आगामी विवाह के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान कर उसे आशीर्वाद दिया। समाज की संस्थापक एवं आदरणीय अध्यक्ष सुषमा उदानियां के नेतृत्व में समाज की महिलाओं ने शैलेंद्र-अर्चना शर्मा की सुपुत्री आयुषी शर्मा से भेंट कर उसके उज्ज्वल, सुखमय एवं समृद्ध वैवाहिक जीवन की मंगलकामनाएं कीं। इस दौरान मातृशक्तियों ने बिटिया को सहयोग राशि एवं उपहार भेंट कर आत्मीय स्नेह व्यक्त किया।

कार्यक्रम में सर्व ब्राह्मण महिला समाज की अध्यक्ष उषा गोस्वामी, नीलम चतुर्वेदी, डॉ. पूजा दुबे, रिंकी दुबे, अंजली उदानियां, पुष्पा द्विवेदी, सरोज तिवारी, रंजना पांडे, कुमुदिनी चतुर्वेदी सहित समाज की अनेक मातृशक्तियां उपस्थित रहीं।इस अवसर पर विजय दुबे एवं सिल्लू रजक की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। समाज की महिलाओं ने कहा कि बेटियां समाज की अमूल्य धरोहर हैं और उनके सुखद भविष्य में सहयोग करना प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक दायित्व है। सर्व ब्राह्मण महिला समाज द्वारा किए गए इस पुनीत कार्य की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

### मोहतरा के पास बस चालक की लापरवाही पत्रकार की गाड़ी को दबाने की कोशिश

▸ तेज रफ्तार और मनमानी से चला रहा था बस, समय रहते बची जान, कार्रवाई की मांग

**नवभारत, गोहपारू।** मोहतरा स्थित राइस मिल के पास बुधवार शाम करीब 3:40 बजे एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। आरोप है कि तेज रफ्तार से चल रही अजय बस के चालक ने सिंगल रोड पर पत्रकार की गाड़ी को साइड न देते हुए उस पर दबाव बनाने का प्रयास किया और बस को तेज गति से दौड़ाता रहा। बस चालक का नाम मुकेश बताया जा रहा है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस चालक की लापरवाही और मनमानी के कारण पत्रकार की गाड़ी को कई बार अचानक ब्रेक लगाना पड़ा, जिससे जानलेवा स्थिति उत्पन्न हो गई। सामने से लगातार अन्य वाहन आने के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रही, लेकिन वाहन चालक की सतर्कता से बड़ा हादसा टल गया।

बताया जाता है कि मोहतरा के पास काफी दूरी तक बस चालक ने ओवरटेक करने के लिए पर्याप्त स्थान होने के बावजूद वाहन को साइड नहीं दी। तेज गति और लापरवाही से बस चलाने के कारण सड़क पर अन्य वाहन चालकों और राहगीरों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ यात्री बसों के चालक निर्धारित नियमों की अनदेखी करते हुए तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। घटना के बाद संबंधित बस चालक के विरुद्ध जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग उठने लगी है।

## ब्यौहारी में खंड स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित

▸ 85 रसोइयों ने तैयार किए पौष्टिक व्यंजन, विजेताओं को विधायक ने किया सम्मानित



**नवभारत,ब्यौहारी।** मध्याह्न भोजन योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण, पौष्टिक एवं स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराने तथा कुक-कम-हेल्परों में नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंगलवार को जनपद पंचायत ब्यौहारी एवं जनपद शिक्षा केंद्र ब्यौहारी के संयुक्त तत्वावधान में खंड स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रसोइयों ने स्थानीय खाद्य सामग्री से स्वादिष्ट एवं पौष्टिक व्यंजन तैयार कर अपनी पाक कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक शरद जुगलाल कोल ने कहा कि विद्यालयों में मिलने वाला मध्याह्न भोजन विद्यार्थियों के स्वास्थ्य, पोषण और सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने स्व-सहायता समूहों और कुक-कम-हेल्परों के योगदान की सराहना करते हुए स्थानीय खाद्य सामग्री एवं पोषक तत्वों से भरपूर व्यंजनों को बढ़ावा देने पर जोर दिया।विकासखंड ब्यौहारी के 145 पंजीकृत रसोइयों में से 85 प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतिभागियों ने चावल, दाल, कोदो-कुटकी की खीर, विभिन्न प्रकार की सब्जियां, पूड़ी, कढ़ी, हलवा, डोसा, पकौड़ी, पावभाजी, सलाद, अचार, भजिया सहित अनेक स्वादिष्ट एवं पौष्टिक व्यंजन प्रस्तुत किए। व्यंजनों का मूल्यांकन स्वाद, पौष्टिकता, स्वच्छता, प्रस्तुतीकरण और लागत प्रभावशीलता के आधार पर किया गया। प्रतियोगिता में सांदीपनि विद्यालय मऊ की रीना नट ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सुभद्रा पटेल (भोगिया) और द्रोपती शर्मा (सुखा) संयुक्त रूप से द्वितीय रहीं, जबकि ममता कुशवाहा (कुआं कोलान), रेखा पांडे (ब्यौहारी) एवं ममता कहार (मुदरिया) ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा तीन प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा नकद पुरस्कार, चेक एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के माध्यम से मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता सुधारने, पोषण संबंधी जागरूकता बढ़ाने तथा स्थानीय खाद्य परंपराओं के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष राजू सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी कल्पना यादव, बीआरसी एवं एमडीएम शाखा के अधिकारी, जनशिक्षक, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में स्व-सहायता समूहों की सदस्य उपस्थित रहीं।

परेशानी

हितग्राहियों ने कलेक्टर से लगाई गुहार, विभाग बोला- बजट आते ही होगा भुगतान

## पीएम मातृत्व वंदना योजना की राशि के लिए भटक रहीं महिलाएं



**नवभारत,ब्यौहारी।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत मिलने वाली सहायता राशि के लिए विकासखंड ब्यौहारी की कई महिलाएं परेशान हैं। आरोप है कि आवेदन जमा करने के कई माह बाद भी उन्हें योजना की राशि नहीं मिल सकी है।विकासखंड की ग्राम पंचायत बोचरो के चींटीमार गांव निवासी सीमा लोनी ने बताया कि उन्होंने योजना का आवेदन आंगनबाड़ी केंद्र में लगभग छह माह पहले जमा किया था, लेकिन अब तक उन्हें कोई राशि प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि उनके अलावा कई अन्य पात्र महिलाएं भी योजना की पहली और दूसरी किस्त का इंतजार कर रही हैं।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान पोषणयुक्त आहार उपलब्ध कराने तथा कुपोषण की समस्या को कम करने के उद्देश्य से आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। योजना के तहत पात्र महिलाओं को निर्धारित किश्तों में राशि दी जाती है।राशि नहीं मिलने से नाराज हितग्राही महिलाओं ने जिला प्रशासन से हस्तक्षेप कर जल्द भुगतान सुनिश्चित कराने की मांग की है। महिलाओं का कहना है कि सरकार की योजना का लाभ समय पर नहीं मिलने से उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**क्या कहती हैं जिम्मेदार**

महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर रोशनी तिवारी ने बताया कि फरवरी 2025 के बाद से योजना का बजट प्राप्त नहीं हुआ है। जुलाई माह में बजट आने की संभावना है, जिसके बाद हितग्राहियों को राशि का भुगतान किया जाएगा।

### जिले में 28 से शुरू होगा राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान

**नवभारत,शहडोल।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश मिश्रा ने जानकारी दी है कि जिले में आगामी 28 जून से 30 जून 2026 तक राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का आयोजन किया जाएगा। इस तीन दिवसीय अभियान के तहत अनूपपुर जिले में 0 से 5 वर्ष की आयु वर्ग के कुल 1 लाख 39 हजार 742 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का शत-प्रतिशत लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान के प्रथम दिन यानी 28 जून को सभी निर्धारित बूथों पर बच्चों को दवा पिलाई जाएगी, जिसके बाद अगले दो दिनों तक स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर दस्तक देकर छूटे हुए बच्चों को कवर करेंगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) ने सभी विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि समय रहते सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा चक्र से जिले का एक भी बच्चा छूटना नहीं चाहिए। अभियान को सुचारू रूप से चलाने के लिए जिला अस्पताल, सिविल अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और आंगनबाड़ियों में विशेष बूथ बनाए जा रहे हैं।

## हिमाद्री सिंह को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाए जाने पर भाजपा नेताओं में हर्ष

▸ राकेश तिवारी ने दी बधाई कहा-संगठन को मिलेगा मजबूत नेतृत्व



**नवभारत, धनपुरी।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह को मध्य प्रदेश भाजपा प्रदेश संगठन में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नियुक्त किए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष राकेश तिवारी ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। राकेश तिवारी ने अपने बधाई संदेश में कहा कि हिमाद्री सिंह लंबे समय से जनसेवा और संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाती रही हैं। उनके अनुभव, कार्यक्षमता और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।

यह नियुक्ति न केवल शहडोल संसदीय क्षेत्र के लिए गौरव की बात है, बल्कि पूरे विंध्य और महाकौशल क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के लिए भी प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के रूप में हिमाद्री सिंह संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करेंगी तथा पार्टी की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगी।

उनके नेतृत्व से प्रदेश में भाजपा संगठन को नई ऊर्जा और दिशा प्राप्त होगी। राकेश तिवारी ने विश्वास व्यक्त किया कि हिमाद्री सिंह अपनी नई जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करेंगी तथा संगठन और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में सफल रहेंगी। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व द्वारा लिया गया यह निर्णय कार्यकर्ताओं के उत्साह को बढ़ाने वाला है और इससे संगठनात्मक गतिविधियों को और गति मिलेगी। भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी हिमाद्री सिंह की नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के सम्मान और संगठन की मजबूती की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है।